C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 297 | बिजौलिया - मंगलवार, 05 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## राजस्थान में डिजिटल टूरिज्म का नया युग, OBMS बना गेम चेंजर

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**



राजस्थान अपनी ऐतिहासिक धरोहर और सांस्कृतिक वैभव के साथ अब डिजिटल क्षेत्र में भी नई पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की पहल पर विकसित ऑनलाइन बुकिंग मैनेजमेंट सिस्टम (ओ.बी.एम.एस.) देश का पहला सरकारी मल्टी-साइट ऑनलाइन टिकटिंग प्लेटफॉर्म बन गया है, जिससे पर्यटन सेवाएं पूरी तरह डिजिटल और आसान हो गई हैं।

पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विकसित [illegible] पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से अब राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थलों, स्मारकों, संग्रहालयों, वन्यजीव अभयारण्यों, बायोलॉजिकल पार्क, सफारी, बोटिंग और होटलों की ऑनलाइन टिकट बुकिंग एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। इससे देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को यात्रा योजना बनाने में काफी सहूलियत मिल रही है।

इस प्लेटफॉर्म को पर्यटकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। 28 दिसंबर 2025 को एक दिन में करीब 1 लाख टिकट बुकिंग का रिकॉर्ड दर्ज किया गया। अब तक लगभग 90 लाख बुकिंग्स के जरिए 3 करोड़ से अधिक पर्यटकों को सेवाएं दी जा चुकी हैं, जिनमें 70 से ज्यादा देशों के विदेशी पर्यटक शामिल हैं। इसके साथ ही विभिन्न विभागों को 30 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त राजस्व भी प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि के लिए ओ.बी.एम.एस. को वर्ष 2025 में प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड (सिल्वर अवॉर्ड) से सम्मानित किया गया है।

राज्य के 100 से अधिक पर्यटन स्थलों को इस प्लेटफॉर्म से जोड़ा जा चुका है। इनमें आमेर किला, हवा महल, जंतर-मंतर, सरिस्का टाइगर रिजर्व, झालाना लेपर्ड सफारी, चित्तौड़गढ़ व कुम्भलगढ़ किले के लाइट एंड साउंड शो, किशन बाग, मसाला चौक और जवाहर कला केंद्र जैसे प्रमुख स्थल शामिल हैं। सरकार अब इस प्लेटफॉर्म का दायरा और बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है, जिसके तहत आरटीडीसी होटलों और अन्य कार्यक्रमों की ऑनलाइन बुकिंग भी जल्द शुरू की जाएगी।

OBMS प्लेटफॉर्म क्यूआर-आधारित ई-टिकटिंग प्रणाली पर आधारित है, जो पूरी तरह कैशलेस और पेपरलेस सुविधा प्रदान करता है। इसके साथ ही स्मार्ट सर्च, इंटरएक्टिव मैप, ऑडियो गाइड, ऑनलाइन रिफंड और शिकायत निवारण जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं, जिससे पर्यटकों को एक ही जगह पर सभी सेवाएं मिल रही हैं।

राज्य सरकार की इस डिजिटल पहल से न केवल पर्यटन सेवाओं में पारदर्शिता आई है, बल्कि मैनुअल कार्यों में कमी के साथ संसाधनों का बेहतर उपयोग भी संभव हुआ है। साथ ही, इससे रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है।

राजस्थान अब डिजिटल नवाचार और सुशासन के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में तेजी से अपनी जगह बना रहा है।

## थार सवार बदमाशों की करतूत, पेट्रोल भरवाकर फरार; सीसीटीवी में कैद

### काले शीशों व बिना नंबर वाहनों पर क्षेत्र में नहीं है लगाम

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**




**(नरेश धाकड़)।** कस्बे के पार्श्वनाथ रोड स्थित नायरा पेट्रोल पंप पर रविवार देर रात ठगी की वारदात सामने आई। बिना नंबर प्लेट की काली थार में आए अज्ञात बदमाश पेट्रोल भरवाने के बाद बिना भुगतान किए फरार हो गए। पूरी घटना पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

जानकारी के अनुसार देर रात एक काले रंग की बिना नंबर प्लेट लगी थार पेट्रोल पंप पर पहुंची। चालक ने सामान्य तरीके से वाहन की टंकी फुल करवाने को कहा। पेट्रोल भरने के बाद भुगतान के दौरान उसने कर्मचारियों को बातचीत में उलझाया और मौका मिलते ही वाहन लेकर तेजी से फरार हो गया।

कर्मचारियों ने वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी तेज गति से निकल गया। जानकारी के अनुसार भागते समय वाहन ने आगे स्थित आरोली टोल नाके का बैरियर भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

घटना के बाद पेट्रोल पंप संचालक व कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। पंप मैनेजर मनोज किराड़ ने बिजोलिया थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

इधर, कस्बे में बिना नंबर प्लेट और काले शीशों वाले वाहनों की बढ़ती संख्या को लेकर लोगों में चिंता बढ़ रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ऐसे वाहनों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से क्षेत्र में छोटी-बड़ी वारदातें सामने आना आम हो गया है। बीते कुछ माह में हुई चोरी की घटनाओं का भी अब तक खुलासा नहीं हो पाया है।

लोगों का आशंका है कि असामाजिक तत्व बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों से कस्बे में प्रवेश कर वारदातों को अंजाम देकर आसानी से फरार हो जाते हैं। ऐसे में क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। नागरिकों ने पुलिस से सख्त कार्रवाई और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## आंधी-बारिश व ओलावृष्टि से बदला मौसम, पेड़ गिरने से वैन क्षतिग्रस्त







**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**(नरेश धाकड़)।** उपखंड क्षेत्र में सोमवार दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली। तेज आंधी, कड़कती बिजली और गर्जन के साथ बारिश शुरू हुई, जिसके बाद कई स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई। मौसम परिवर्तन से जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों और पशुपालकों की चिंता बढ़ गई।

कस्बे सहित आसपास के गांवों में कुछ समय तक तेज बारिश और ओले गिरने से सड़कों व मकानों की छतों पर सफेद परत सी नजर आई। अचानक बदले मौसम के कारण लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते दिखे, जबकि बाजारों में भी अफरा-तफरी का माहौल रहा।

तेज आंधी के दौरान रोडवेज बस स्टैंड पर एक पेड़ गिर गया, जिसकी चपेट में नीचे खड़ी एक वैन आ गई। गनीमत रही कि घटना के समय वाहन में कोई मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि टल गई, हालांकि वैन क्षतिग्रस्त हो गई।

बारिश और ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को राहत मिली। वहीं किसानों ने खेतों में खड़ी फसलों और सब्जियों को नुकसान होने की आशंका जताई है।

## शिक्षा का मंदिर या सजा का अड्डा? सरकारी स्कूल में 200 उठक-बैठक लगवाने से 14 साल का छात्र हुआ बेहोश,

### गुस्साए परिजनों ने किया हंगामा



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**(पुनित चपलोत)।** शहर कांवा खेड़ा स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय से शिक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। यहां डेपुटेशन पर लगी अध्यापिका कृष्णा सुथार ने 14 वर्षीय छात्र को भीषण गर्मी में उठक-बैठक की कठोर सजा दे दी। आरोप है कि पहले 100 और फिर अगले दिन 200 उठक-बैठक लगवाई गई, शिक्षका द्वारा दी गई इस प्रताड़ना से छात्र स्कूल परिसर में ही बेहोश होकर गिर पड़ा। जिसे तुरंत एमजी अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोग स्कूल पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। माहौल इतना गर्म हो गया कि आरोपित अध्यापिका मौके से बाइक पर बैठकर निकल गईं। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आरोपों को निराधार बताते हुए स्कूल में छात्र का एडमिशन ही नहीं होना बताया है।पीड़ित की मां सुल्ताना बानो ने कहा कि मेरा बेटा 8 वीं कक्षा में पढ़ता है। मैं तीन-चार दिन पहले बेटे का एडमिशन करवाने स्कूल आई थीं, जहां शिक्षक ने मूल निवास प्रमाण पत्र मांगा। ई-मित्र की रसीद दिखाने पर भी प्रवेश नहीं दिया गया, जबकि पहले रसीद पर एडमिशन का आश्वासन दिया गया था। इस प्रक्रिया में उनके 500-600 रुपये खर्च हुए। इसके बाद सर ने उसे स्कूल में बैठाकर पढ़ाने का आश्वासन दिया तो वह स्कूल आने लग गया। सुल्ताना बानो ने शिक्षिका पर आरोप लगाते हुए कहा कि यहां कृष्णा मैडम ने पहले दिन 100 और अगले दिन 200 उठक-बैठक लगवाई, जिससे बच्चा भीषण गर्मी में बेहोश हो गया और उसे महात्मा गांधी अस्पताल ले जाना पड़ा। अगर स्कूल मे ऐसी सजा मिलेगी तो बच्चे स्कूल आने से डरेंगे और जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप मेहता ने कहा कि स्कूल में तीन स्थायी शिक्षक हैं, जिनमें से दो छुट्टी पर हैं। वर्तमान में वे स्वयं, एक बीएड प्रशिक्षु और दो डेपुटेशन शिक्षक मिलकर आठ कक्षाओं को संभाल रहे हैं। सातवीं-आठवीं कक्षा में बीएड इंटर्नशिप वाले शिक्षक हैं और यदि बच्चे शरारत कर रहे थे तो उन्हें डांटा गया होगा तथा कुछ उठक-बैठक लगवाई गई होगी। मेहता ने यह भी कहा कि जिस बच्चे को लेकर विवाद हो रहा है, उसका स्कूल में एडमिशन नहीं हुआ है और उसे बैठाने की अनुमति भी नहीं दी गई थी। प्रधानाचार्य ने 100 या 200 उठक-बैठक लगवाने के आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि अधिकतम 50-60 उठक-बैठक ही लगवाई गई होगी। उस समय मैं स्कूल से बाहर सामान लेने गए थे और सूचना मिलते ही लौट आए। मैने संबंधित बीएड इंटर्नशिप शिक्षिका कृष्णा सुथार को इसके लिए फटकार लगाते हुए भविष्य में ऐसा न करने की हिदायत दी है।अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि ऐसी भीषण गर्मी में छात्र से 50 से 60 उठक-बैठक लगवाना भी कहां तक जायज है। परिजन अब प्रशासन से शिक्षक खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे है।

## तीन राज्यों में जीत पर भाजपाइयों ने मनाया विजयोत्सव



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**(पुनित चपलोत)।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की जीत पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सूचना केंद्र स्थित बजरंगी चौराहे पर उत्साह के साथ जश्न मनाया। इस दौरान पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर व पूर्व महापौर राकेश पाठक भी मौजूद रहे।

कार्यकर्ताओं ने मां दुर्गा की आरती कर जीत का जश्न मनाया तथा आतिशबाजी कर एक-दूसरे को बधाई दी। जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने इसे महिलाओं के सम्मान और नारी शक्ति की जीत बताया। विजयोत्सव के दौरान झालमुड़ी व बंगाली मिठाइयों का वितरण किया गया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ताओं ने नृत्य कर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## चुनाव परिणाम पर खुशी, सांसद ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाया जश्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पांच राज्यों के चुनाव परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी तथा मतदाताओं का आभार जताया।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि असम, बंगाल व पांडुचेरी में जीत की खुशी में सांसद ने अपने कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ झालमुरी खाकर व मिठाई बांटकर जश्न मनाया। इस दौरान आतिशबाजी भी की गई।

कार्यक्रम में प्रेम गर्ग, लादू लाल तेली, रूपलाल जाट, राकेश पाठक, राकेश ओझा, कल्पेश चौधरी, अनिल अग्रवाल, रोशन मेघवंशी, नंदलाल माली, संजय धाकड़, विमल जैन, कैलाश सुवालका, जगदीश डिडवानिया, रामानुज सारस्वत, राकेश कसेरा, देवेंद्र ढाणी, ओम पराशर, गौतम शर्मा, छोटू पूर्बिया, हरीश हिंदुस्तानी, मुकेश शास्त्री, कैलाश सोनी, अर्जुन ब्रह्मभट्ट, अरुण जैन, ललिता समदानी, आरती कोगटा, सुनीता कटारिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



C M Y K

# जिला कलेक्टर ने सोडार ग्राम पंचायत का किया दौरा, योजनाओं की जानकारी ली



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने सोमवार को गुलाबपुरा क्षेत्र की सोडार ग्राम पंचायत का दौरा कर ग्रामीण रथ के माध्यम से संचालित जनजागरूकता गतिविधियों का अवलोकन किया और ग्रामीणों से संवाद किया।

उन्होंने ग्रामीणों से राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीण रथ के जरिए योजनाओं की जानकारी प्रभावी रूप से पहुंच रही है, जिससे लाभ लेने में सुविधा हो रही है। कलेक्टर ने लाभार्थियों से बातचीत कर योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक लिया। इसके बाद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर परिसर की साफ-सफाई एवं कक्षाओं का जायजा लिया। साथ ही मॉडल तालाब का अवलोकन कर उसके रखरखाव के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस दौरान गुलाबपुरा उपखंड अधिकारी दिव्यराज सिंह चुंडावत सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भाविप विवेकानंद शाखा के सेवा कार्य, गौसेवा से स्वास्थ्य सेवा तक पहल



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।** भारत विकास परिषद की स्वामी विवेकानंद शाखा द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न सेवा कार्य किए गए। शाखा अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल के नेतृत्व में सदस्यों ने कोटड़ी रोड स्थित देवनारायण गौशाला में पौधारोपण किया तथा गायों के लिए छाया व्यवस्था हेतु 5100 रुपए की सहायता प्रदान की।

वहीं शास्त्रीनगर स्थित परिषद भवन में योग शिविर के बाद स्वास्थ्यवर्धक काढ़ा वितरित किया गया तथा 22 डायबिटिक मरीजों को दवाएं दी गईं। फिजियोथैरेपी एवं एक्यूप्रेशर के माध्यम से भी मरीजों का उपचार किया गया।

परिषद द्वारा संचालित मेडिकल उपकरण बैंक के तहत ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, व्हीलचेयर सहित अन्य उपकरण जरूरतमंदों को निशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे कई मरीजों को राहत मिल रही है।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन ने किया गायत्री मंदिर में हवन का आयोजन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन, भीलवाड़ा शाखा द्वारा स्थानीय गायत्री मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ गायत्री हवन का आयोजन किया गया। हवन के माध्यम से वातावरण की शुद्धि एवं विश्व शांति, सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की गई। इस धार्मिक कार्यक्रम में संगठन की सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन में आहुति दी। शाखा संपादक सुमन असावा ने बताया कि यज्ञ प्रातः काल की मधुर वेला में किया गया। कार्यक्रम के दौरान भक्ति भाव का माहौल बना रहा और सभी उपस्थित महिलाओं ने सामूहिक रूप से प्रार्थना की। अध्यक्ष मधु लढ्ढा एवं सचिव अनुपमा मंत्री ने बताया की 'यज्ञ' हमारी भारतीय संस्कृति का आधारभूत स्तंभ है जो 'वैज्ञानिक और' 'आध्यात्मिक' दोनों रूपों में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यज्ञ पर्यावरण को ही शुद्ध नहीं करता है बल्कि मानसिक शांति भी देता है। यज्ञ के माध्यम से ईश्वर की आराधना और दिव्य ऊर्जा की प्राप्ति होती है। इसी परंपरा को प्रोत्साहित करने के लिए अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन भीलवाड़ा शाखा द्वारा गायत्री मंदिर में गायत्री हवन का आयोजन किया गया। हवन में तकनीकी प्रमुख उषा सोमानी का विशेष सहयोग रहा। महिला सशक्तिकरण प्रमुख जतन हिंगड़, नेत्रदान अंगदान प्रभारी रेखा नुवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रेणु कोगटा, उपाध्यक्ष स्नेह लता पटवारी, संस्कार संस्कृति प्रमुख पुष्पा मुंदड़ा, कार्यकारिणी सदस्य यशोदा शर्मा, मनीषा सोमानी के साथ ही सभी सदस्यों ने अपने घर पर भी हवन करते रहने की शपथ ली, और आगे भी इसी तरह गायत्री यज्ञ करवाते रहने पर मंत्रणा की गई। इस अवसर पर संगठन की पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है, बल्कि समाज में सकारात्मकता भी बढ़ती है।

# चुनावी जीत पर मांडलगढ़ में जश्न, कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी



**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत की खुशी में सोमवार को नगर में विधायक गोपाल खंडेलवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। विधायक खंडेलवाल ने जीत को जनता के विश्वास और विकासपरक नीतियों का परिणाम बताते हुए कहा कि यह सफलता कार्यकर्ताओं के परिश्रम और जनसमर्थन का प्रतिफल है।

उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम दर्शाते हैं कि जनता भाजपा की नीतियों के साथ खड़ी है।

कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सत्यनारायण शर्मा बने ऑल इंडिया फेयर प्राइस राशन डीलर फेडरेशन भीलवाड़ा शहर के निर्विरोध अध्यक्ष



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस राशन डीलर फेडरेशन, भीलवाड़ा शहर की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार, 3 मई 2026 को मुखर्जी उद्यान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्री श्याम जी पुरोहित द्वारा की गई।


बैठक के मुख्य एजेंडे के तहत भीलवाड़ा शहर की कार्यकारिणी के गठन हेतु चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। इसमें सभी सदस्यों की सहमति से सत्यनारायण शर्मा को सर्वसम्मति (निर्विवाद) रूप से शहर अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

प्रदेश जनरल सचिव संजय तिवाड़ी ने बताया कि नवनियुक्त अध्यक्ष शर्मा ने संगठन को मजबूती देने के लिए अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें निम्नलिखित मनोनयन किए गए, जिसमें उपाध्यक्ष छाया नाविक, सचिव संजय खटीक, कोषाध्यक्ष संजय पोखरना, इसके साथ ही संगठन के मार्गदर्शन हेतु सुशील सक्सेना को संयोजक नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी में वरिष्ठ सदस्य के रूप में मुस्ताक अहमद, जगदीश चंद्र गर्ग, श्याम लाल पुरोहित, धन्ना लाल कटवाल एवं श्याम लाल जैन को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बैठक के अंत में उपस्थित सभी राशन डीलरों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और संगठन के हितों में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# चंदन लेप व द्वारकाधीश स्वरूप में सांवरिया सेठ के दर्शन, उमड़ी आस्था

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।** निकटवर्ती ग्राम नौगांवा स्थित श्री सांवरिया सेठ मंदिर में ज्येष्ठ मास के अवसर पर सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बढ़ती गर्मी को देखते हुए ठाकुरजी के श्रीअंग पर चंदन लेप कर शीतलता प्रदान की गई और उन्हें द्वारकाधीश स्वरूप में सजाया गया। प्रभु को जरीदार वस्त्र, स्वर्ण मुकुट व आभूषणों से अलंकृत किया गया, वहीं मोगरे के गजरे अर्पित किए गए। सुबह मंगला आरती से शुरू हुआ दर्शन का क्रम देर शाम तक जारी रहा।



मंदिर ट्रस्ट के अनुसार 17 मई से 15 जून तक पुरुषोत्तम मास महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें प्रतिदिन अभिषेक, हनुमान चालीसा पाठ, भागवत पाठ व अन्य धार्मिक कार्यक्रम होंगे। 31 मई को विशेष नौका विहार आयोजन किया जाएगा।

# नानी बाई रो मायरो कथा में भात प्रसंग, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।** (जसवंत पारीक)। कस्बे में आयोजित विष्णु महायज्ञ के तहत चल रही 'नानी बाई रो मायरो' कथा के तीसरे दिन सोमवार को भात प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथावाचक ममता दीदी ने नरसी भगत और भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि सच्ची श्रद्धा और निष्छल भाव से की गई भक्ति पर भगवान स्वयं अपने भक्त की लाज रखते हैं।

उन्होंने बताया कि नरसी भगत जब नानी बाई का मायरा भरने के लिए भगवान श्रीकृष्ण को पुकारते हैं, तो भगवान उनकी सहायता करते हैं और स्वयं आकर मायरा भरते हैं।



इस अवसर पर आकोला शिवालय महंत रामस्नेहीदास महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सच्चे मन से भगवान की भक्ति करने पर वे सभी दुखों को हर लेते हैं। उन्होंने कहा कि भक्ति का मार्ग कठिन है और इसमें भगवान अपने भक्त की परीक्षा लेकर उसे और अधिक मजबूत बनाते हैं। वहीं विष्णु महायज्ञ के अंतर्गत देवताओं का पूजन, हवन एवं भगवान लक्ष्मीनाथ का अभिषेक मुख्य यजमान रुक्मण बृजराज कृष्ण उपाध्याय द्वारा किया गया। रुद्र हवन में एक लाख आहुतियां अर्पित की गई।



कार्यक्रम में हरियाणा के पलवल से ब्रिजरतन रामदास फलाहारी बाबा, सियालिया से त्यागी रामदास महाराज सहित संत-महात्माओं ने भाग लेकर आशीर्वाद दिया। इस दौरान आकोला शिवालय में भगवान शिव का विशेष श्रृंगार भी किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# हास्य दिवस पर प्रतिभाओं का सम्मान, पिंकी सोनी बनी 'कोहिनूर की नूर'

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।** कोहिनूर सेवा समिति द्वारा विश्व हास्य दिवस पर कोटा रोड स्थित श्री गायत्री माता मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महंत जयरामदास महाराज के सानिध्य में हुए कार्यक्रम में शिक्षा, साहित्य, कला व समाज सेवा से जुड़ी प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।



समिति के प्रदेश संयोजक रामनिवास 'रोनी राज' ने बताया कि एक दर्जन से अधिक प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पिंकी सोनी को 'कोहिनूर की नूर' की उपाधि दी गई।

इस दौरान संगठन विस्तार करते हुए पिंकी सोनी को महिला प्रकोष्ठ पूर्वी शहर अध्यक्ष व पिंकी शर्मा को जूनावास ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में हास्य-व्यंग्य प्रस्तुतियों से माहौल खुशनुमा बना रहा। समारोह में विभिन्न पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# चुनाव नतीजे मोदी नेतृत्व व कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणामः कोठारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।** विधायक अशोक कुमार कोठारी ने पांच राज्यों के चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की रणनीति और कार्यकर्ताओं के परिश्रम का यह परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनता ने विकास व सुशासन की राजनीति पर भरोसा जताया है।



पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा के प्रदर्शन पर उन्होंने शीर्ष नेतृत्व को बधाई दी।

बैठक में अन्य वक्ताओं ने भी कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना की और जीत को जनसमर्थन का प्रतीक बताया।

बैठक के बाद कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ जीत का जश्न मनाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## नन्ही परियों का स्वागत, प्रसूताओं का सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।



सेवा एवं संस्कार पर आधारित सांस्कृतिक सप्ताह के अंतर्गत भारत विकास परिषद शाखा की मातृ शक्ति द्वारा 'नन्ही परियों के स्वागत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रसूता महिलाओं का अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। मासिक कार्यक्रम के तहत 15 प्रसूताओं को ऊपरना ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें गुड़, गोला, चना, बिस्किट एवं फल वितरित किए गए। साथ ही नवजात बालिकाओं को पोशाक किट प्रदान की गई। कार्यक्रम में परिजनों के साथ आए बच्चों को कॉपी, पेंसिल, रबड़ सहित अन्य स्टेशनरी सामग्री एवं खाद्य सामग्री भी वितरित की गई।


परिषद की वरिष्ठ सदस्या ममता जीनगर ने प्रसूताओं को संतुलित आहार लेने एवं खून की कमी से बचाव के संबंध में जानकारी दी।

शाखा सचिव दिनेश क्षोत्रिय ने बताया कि कार्यक्रम में दया सैनी, ममता जीनगर, पूजा लोहिया, विमला तेली एवं ललिता शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक समिति, सुभाषनगर के चुनाव सम्पन्न

### सुशील पानगड़िया अध्यक्ष, माणक डूंगरवाल मंत्री निर्वाचित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



सुशील कुमार पानगड़िया (अध्यक्ष)



माणक चंद डूंगरवाल, मंत्री

सुभाषनगर स्थित जैन स्थानक में श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक समिति के चुनाव शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया में समाज के सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

हेमंत कोठारी एवं मीडिया प्रभारी मनीष बम्ब ने बताया की चुनाव में सुशील पानगड़िया को अध्यक्ष, माणक चंद डूंगरवाल को मंत्री, भंवर सुराणा को कोषाध्यक्ष, नवरत्न बापना एवं विक्रम डूंगरवाल को उपाध्यक्ष तथा राकेश गोखरू को सहमंत्री पद पर निर्वाचित किया गया।

चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने प्रबंध समिति के चुनाव को सफल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी समाजबंधुओं का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया।

नवगठित समिति के पदाधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि वे संघ के सभी सदस्यों एवं वरिष्ठजनों के सहयोग तथा पूर्व पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में पूर्ण समर्पण, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ कार्य करते हुए संघ के हितों को सर्वोपरि रखेंगे। उन्होंने समाज में एकता, सेवा और संगठन को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प भी व्यक्त किया।

## तारबंदी योजना से किसान को मिली सुरक्षा, खेती हुई लाभकारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



जिले की जहाजपुर पंचायत समिति के टिटोडा ग्राम निवासी किसान जयराज सिंह ने राज्य सरकार की कृषि योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी खेती को सुरक्षित और सुदृढ़ बनाया है।

जयराज सिंह ने कृषि विभाग की तारबंदी योजना के तहत आवेदन कर अपने खेत में तारबंदी का कार्य कराया। प्रशासनिक स्वीकृति के बाद कार्य पूर्ण होने पर उन्हें योजना के तहत 40 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ, जिससे आर्थिक सहयोग मिला।

तारबंदी होने के बाद उनके खेत को आवारा पशुओं से सुरक्षा मिल गई है। पहले फसलों को होने वाला नुकसान अब पूरी तरह रुक गया है। साथ ही हर वर्ष अस्थायी बाड़ लगाने में होने वाला अतिरिक्त खर्च भी बच गया, जिससे उनकी आय में स्थिरता आई है। योजना से मिले लाभ को देखते हुए जयराज सिंह अन्य किसानों को भी इसके प्रति जागरूक कर रहे हैं, ताकि वे भी अपनी खेती को सुरक्षित बना सकें। जयराज सिंह ने इस योजना के लिए राज्य सरकार का आभार जताते हुए इसे किसानों के लिए उपयोगी पहल बताया है।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# आयुर्वेद का वैश्विक परचम, कैंसर पर हंसराज चोधरी की अंग्रेजी में शोध पुस्तक का विमोचन

### केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने आयुर्वेदिक शोध को सराहा, कहा-विश्व में बढ़ रही स्वीकार्यता

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

मूलचन्द पेसवानी

भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद अब वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है। इसी क्रम में केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने भीलवाड़ा जिले के श्रीनवग्रह आश्रम सेवा संस्थान के संस्थापक वैद्य हंसराज चौधरी द्वारा लिखित अंग्रेजी पुस्तक 'Cancer Through Ayurvedic Lens (Resources, Reason, Remedy)' कैंसर थ्रु आयुर्वेदिक लैंस( रिर्सोस, रिजन, रैमेडी) का सादे समारोह में विमोचन किया। मंत्री जाधव ने कहा कि केंद्र सरकार पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को आधुनिक स्वास्थ्य ढांचे के साथ जोड़कर मजबूत और टिकाऊ हेल्थ सिस्टम बनाने पर काम कर रही है। आयुर्वेद की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता भारत के लिए गौरव की बात है।परंपरा से विज्ञान की ओर बढ़ता आयुर्वेदवैद्य हंसराज चौधरी ने बताया कि आयुर्वेद को अक्सर परंपरागत या सीमित दायरे में देखा जाता रहा है, लेकिन उनकी यह पुस्तक इसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत करती है। अंग्रेजी भाषा में लिखी गई यह पुस्तक आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने का माध्यम बनेगी।पुस्तक में कैंसर के विभिन्न प्रकार, उनके लक्षण, कारण, जांच और उपचार का समग्र विवरण दिया गया है। खास बात यह है कि इसमें आयुर्वेद के साथ एलोपैथी और होम्योपैथी का संतुलित समावेश किया गया है, जिससे यह चिकित्सा जगत में एक समन्वित दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है।औषधीय पौधों पर सरकार का फोकसकार्यक्रम में मंत्री जाधव ने औषधीय पौधों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सड़कों के किनारे इनके रोपण की योजना बनाई जा रही है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ आयुर्वेद के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। उन्होंने राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड की पहल का जिक्र करते हुए बताया कि यह संस्था वर्षों से औषधीय पौधों के संरक्षण और विकास में अहम भूमिका निभा रही है। वहीं, ई-चरक प्लेटफॉर्म किसानों को बाजार से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने में मददगार साबित हो रहा है।कैंसर उपचार




में आयुर्वेद की नई भूमिकावैद्य चौधरी के अनुसार, श्रीनवग्रह आश्रम में कैंसर सहित गंभीर रोगों का उपचार डब्ल्यूएचओ और आयुष मंत्रालय की गाइडलाइंस के अनुसार किया जा रहा है। आयुर्वेद शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर बीमारी को जड़ से खत्म करने में सहायक होता है, जिससे मरीज को दीर्घकालिक राहत मिलती है।वैश्विक पहचान की ओर बढ़ता कदम इस पुस्तक का प्रकाशन भारत के साथ लंदन में भी किया गया है, जिससे यह अंतरराष्ट्रीय पाठकों तक पहुंच रही है। चौधरी ने दावा किया कि वर्तमान में कैंसर और चिकित्सा से जुड़ी ऑनलाइन सर्च में इस पुस्तक की अच्छी भागीदारी देखी जा रही है, जो आयुर्वेद के बढ़ते प्रभाव का संकेत है।शोध और सेवा का संगम बना आश्रम श्रीनवग्रह आश्रम सेवा संस्थान उपचार, शोध और जागरूकता के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। मंत्री जाधव ने आश्रम के कार्यों की सराहना करते हुए इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कैंसर उपचार में साक्ष्य आधारित शोध को बढ़ावा देने पर जोर दिया। यह विमोचन कार्यक्रम आयुर्वेद के पुनर्जागरण का संकेत है। पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समन्वय से आयुर्वेद न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक प्रभावी और स्थायी स्वास्थ्य विकल्प बनकर उभर रहा है।पुस्तक विमोचन के मौके पर हंसराज चैधरी ने आश्रम व उनके द्वारा अब तक प्रकाशित 10 पुस्तकों का सैट भी केन्द्रिय मंत्री को भेंट किया जिसे मंत्री ने आयुष मंत्रालय तथा प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मेहकर महाराष्ट्र के जयंत वानखेड़े सहित वहां के आयुर्वेद विश्वविद्यालय के प्रोफेशर भी मौजूद रहे।

# चांद-सितारे नहीं, माता-पिता के चरण छूना सिखाइए- दिग्विजय राम

### 'संपत्ति विल देगी, संस्कार गुडविल देंगे ', भागवत कथा में संत ने दिया नई पीढ़ी को संस्कारों का संदेश







भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचन्द पेसवानी

आधुनिकता की अंधी दौड़ में जहां नई पीढ़ी को ऊंचाइयों तक पहुंचने की होड़ सिखाई जा रही है, वहीं विजयपुर की पावन धरा से संत दिग्विजय राम ने एक ऐसा संदेश दिया जिसने हर श्रोता को आत्ममंथन के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि 'नई पीढ़ी को चांद-सितारे छूने की शिक्षा देने से पहले माता-पिता और गुरु के चरण छूना सिखाइए। संपत्ति केवल विल बनाएगी, लेकिन संस्कार गुडविल देंगे। '

अरावली पर्वतमाला की सुरम्य वादियों के बीच स्थित विजयपुर में नृसिंहद्वारा के समीप राव नरेन्द्र सिंह कृषि फार्म पर मूंदड़ा परिवार की ओर से आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा मर्मज्ञ रामस्नेही संत दिग्विजय राम ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

रविवार को कथा के दौरान संत ने कहा कि आज समाज में भौतिक संपन्नता बढ़ रही है, लेकिन संस्कारों का क्षरण चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि यदि माता-पिता अपनी संतान को केवल धन-संपत्ति देकर जाएंगे तो वह कानूनी दस्तावेज यानी 'विल' बनकर रह जाएगी, लेकिन यदि संस्कार देंगे तो वही संतान परिवार और समाज में 'गुडविल' बनाएगी।

उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि वृद्धाश्रम हमारी सनातन संस्कृति का हिस्सा कभी नहीं रहे। यह बदलते परिवेश और पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण का परिणाम है, जो भारतीय संस्कृति और राष्ट्र की गरिमा के प्रतिकूल है। उन्होंने माता-पिता की सेवा को परमात्मा की सच्ची सेवा बताते हुए कहा कि वास्तविक आनंद और परमानंद किसी तीर्थ या बाहरी साधन में नहीं, बल्कि अपने घर में माता-पिता की सेवा और सम्मान में छिपा है।

संत दिग्विजय राम ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज रिश्ते-नाते भी 'यूज एंड थ्रो' की मानसिकता के शिकार हो रहे हैं। यह समाज के विघटन का बड़ा कारण बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मौन व्रत और साधना व्यक्ति को भीतर से परिपक्व बनाती है। व्रत-उपवास केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि का माध्यम हैं।

कथा के दौरान उन्होंने ध्रुव, जड़भरत, भक्त प्रह्लाद, नृसिंह अवतार, राजा पृथु और अजामिल जैसे प्रसंगों की मार्मिक व्याख्या करते हुए बताया कि सच्ची भक्ति और दृढ़ संकल्प जीवन को दिव्यता की ओर ले जाते हैं।

प्रवचन के बीच जब संत ने अपने मधुर कंठ से 'म्हारा चारभुजा रा नाथ' और 'सीताराम सीताराम कहिए, जाहि विधि राखे राम रहिए' जैसे भजनों की प्रस्तुति दी तो पूरा पांडाल भक्तिरस में सराबोर हो उठा। श्रद्धालु झूमने लगे और वातावरण जयकारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम का संचालन पंडित अशोक व्यास ने किया। कथा के प्रारंभ और विश्राम के समय मूंदड़ा परिवार के मुखिया बंशीलाल मूंदड़ा, दामोदर मूंदड़ा, संदीप मूंदड़ा, शिवकुमार मूंदड़ा, ओमप्रकाश मूंदड़ा, कमलकुमार मूंदड़ा, अशोक कुमार मूंदड़ा और दिलीप मूंदड़ा ने विधिवत पूजा-अर्चना व आरती की।

कथा श्रवण के लिए पूर्व राज्य मंत्री सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत, राव नरेन्द्र सिंह विजयपुर, पूर्व पालिका अध्यक्ष रमेश नाथ योगी, चित्तौड़गढ़ शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सोनी, विजयपुर प्रशासक श्यामलाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

कथा स्थल पर गूंजता रहा एक ही संदेशक् 'नई पीढ़ी को ऊंचा उड़ना जरूर सिखाइए, लेकिन अपनी जड़ों से जुड़े रहना उससे भी ज्यादा जरूरी है। '

# तेज हवा के साथ बारिश व ओलावृष्टि, गर्मी से राहत

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।



कस्बे में सोमवार दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया। कुछ ही देर में बारिश तेज हो गई तथा बेर के आकार के ओले गिरने लगे।ओलावृष्टि के चलते सड़कों और मकानों की छतों पर कुछ समय के लिए सफेद परत सी दिखाई देने लगी। अचानक बदले मौसम के कारण लोग बारिश और ओलों से बचने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए।

तेज बारिश के चलते कस्बे की सड़कों पर पानी बहने लगा। आसमान में काले बादल छा गए, जिससे तापमान में गिरावट आई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम ठंडा होने से हल्की सर्दी का अहसास भी हुआ।

बारिश के दौरान कस्बे में बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। वहीं खराब मौसम के चलते बाजार में सन्नाटा पसर गया।

# मुस्लिम समुदाय ने विधायक के नाम सौंपा ज्ञापन, सामुदायिक भवन व मदरसा विकास की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**

भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा सहसंयोजक अकरम मोहम्मद सिंधी के नेतृत्व में मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों ने सहाड़ा-रायपुर विधायक लादू लाल पितलिया के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन भाजपा कार्यालय में नगर मंडल अध्यक्ष अमित तिवाड़ी एवं मोतीलाल गहलोत को दिया गया।

ज्ञापन में विधायक कोष से मुस्लिम समुदाय के लिए जमीन आवंटित कर सामुदायिक भवन (कम्युनिटी हॉल) निर्माण की स्वीकृति देने की मांग की गई। इसके साथ ही अंजुमन मदरसा में छत निर्माण कार्य को भी प्राथमिकता से पूरा कराने की मांग रखी गई।



अकरम सिंधी ने बताया कि इन विकास कार्यों से सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी और मदरसे में पढ़ने वाले छात्रों को बेहतर व अनुकूल वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि मुलाकात का उद्देश्य अल्पसंख्यक समाज के लिए बुनियादी ढांचे और शैक्षिक सुविधाओं को मजबूत करना है।

इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष अमित तिवाड़ी ने समाज की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपते समय रमजान अंसारी, साबिर छीपा, इकबाल छीपा, अयूब मोहम्मद सिंधी, नफीस मोहम्मद सिंधी, आसिफ मोहम्मद सिंधी, तुषार जीनगर सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बरूंदनी स्कूल में विद्यार्थियों को ठंडे पानी की सौगात,वाटरकूलर का लोकार्पण

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**

बरूंदनी महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को विद्यार्थियों के लिए ठंडे पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु वाटरकूलर भेंट किया गया। यह सराहनीय पहल स्वर्गीय कजोड़ एवं केसर बाई की स्मृति में उनके सुपुत्र जमना लाल सुथार द्वारा की गई।

कार्यक्रम के दौरान कजोड़ की सुपौत्रियां एवं जमना लाल सुथार की सुपुत्रियां रानू-शानू ने विधिवत रिबन काटकर वाटरकूलर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने इस जनसेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को गर्मी में बड़ी राहत मिलेगी।



इस मौके पर ग्राम प्रशासक गजेन्द्र साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम अहीर, सेवानिवृत्त अध्यापक कन्हैया लाल मीणा, श्याम जाट सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में संस्थाप्रधान चंद्रप्रकाश वैष्णव, प्रियंका पाराशर सहित विद्यालय स्टाफ विकास मीणा, महेंद्र कुमार रेबारी, पंकज टेलर, अक्षय शर्मा, मिताली चतुर्वेदी एवं कुलदीप सिंह की उपस्थिति रही।

# नवनिर्मित कक्षा-कक्ष का लोकार्पण, विधायक का स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोटरों का खेड़ा में नवनिर्मित कक्षा-कक्ष का लोकार्पण सोमवार को विधायक गोपाल खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक का ग्रामवासियों द्वारा पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विधायक ने नवनिर्मित कक्षा-कक्ष विद्यार्थियों को समर्पित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को मजबूत करना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने से विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अधिक अवसर मिलेंगे।



कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही।

समारोह में भाजपा विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्याम अहीर, प्रधनाध्यापक मंजू जीनगर, प्रशासक प्रतिनिधि मूलचंद रायका, निवर्तमान चेयरमैन संजय डांगी, भाजपा नेता मनोज सनाढ्य, बूथ अध्यक्ष शंकर गुर्जर, एसडीएमसी सदस्य विनोद शर्मा, लादू लाल गुर्जर, राकेश गुर्जर सहित विद्यालय स्टाफ व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शाहपुरा में पेयजल व्यवस्था में 9.80 करोड़ की दो जल परियोजनाओं का लोकार्पण

## 400 और 250 किलोलीटर के उच्च जलाशय शुरू, पाइपलाइन विस्तार से बढ़ेगी आपूर्ति क्षमता





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

शहर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा निर्मित दो महत्वपूर्ण जल परियोजनाओं का सोमवार को लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर इन परियोजनाओं को जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

लोकार्पण कार्यक्रम के तहत शहरी जल योजना शाहपुरा में पाइपलाइन विस्तार कार्य के साथ महलों के चैक क्षेत्र में 400 किलोलीटर क्षमता के उच्च जलाशय का निर्माण पूरा कर चालू किया गया। इस परियोजना पर 2 करोड़ 9 लाख 39 हजार रुपये की लागत आई है, जिससे शहर के प्रमुख क्षेत्रों में जल आपूर्ति को मजबूत किया जाएगा।

इसके साथ ही केंद्र सरकार की अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 250 किलोलीटर क्षमता के एक अन्य उच्च जलाशय का भी लोकार्पण किया गया। इस परियोजना पर 7 करोड़ 71 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। दोनों परियोजनाओं के पूर्ण होने से शहर की जल भंडारण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और भविष्य में बढ़ती आबादी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

इस मौके पर विधायक डॉ. बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। इन योजनाओं के शुरू होने से शाहपुरा शहर में जल संकट की समस्या में काफी हद तक राहत मिलेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री राजेन्द्र बोहरा, पूर्व पालिका अध्यक्ष रघुनन्दन सोनी, नगर भाजपा अध्यक्ष पंकज सुगंधी सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष बने कैलाश सोनी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय शंकर राय ने राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पद पर भीलवाड़ा के कैलाश सोनी को नियुक्त किया है ।अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण परिषद के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कैलाश सोनी ने कहा कि मानव के मूलभूत अधिकार की स्वतंत्रता, रक्षा,सुरक्षा का हर संभव प्रयास करेंगे साथ ही आमजन के साथ होने वाले अपराधों पर नियंत्रण ओर बचाव के भरपूर प्रयास करेंगे ।



# शिशु वार्ड में नवजातों को बेबी किट वितरण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

महात्मा गांधी चिकित्सालय के शिशु वार्ड में सोमवार को महिला मंडल द्वारा सेवा कार्य करते हुए नवजात शिशुओं एवं उनके परिजनों को बेबी किट वितरित की गई।

कार्यक्रम में वार्ड इंचार्ज बीजू जी मैथ्यू, संरक्षिका सुनीता पीपाड़ा, अध्यक्ष मधु मेडतवाल, मंत्री मधु लोढ़ा, किरण सेठी, अनुराधा चौधरी, मधु विरानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाने में सहयोग किया।




# अभिरुचि शिविर का समापन, 145 बच्चों ने निखारी प्रतिभा



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

भारत विकास परिषद की ‘चंद्रशेखर आजाद’ शाखा द्वारा आयोजित नौ दिवसीय कला अभिरुचि शिविर का समापन डॉन बोस्को एकेडमी में हुआ। शिविर में 145 विद्यार्थियों ने भाग लेकर विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा निखारी।

शिविर के दौरान बच्चों को डांस, कुकिंग, स्पोकन इंग्लिश, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट व गरबा का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में जादूगर नरेश के प्रदर्शन ने सभी का मनोरंजन किया।

मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी व विशिष्ट अतिथि रजनीकांत आचार्य ने ऐसे आयोजनों को बच्चों के विकास के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम का संचालन भारती मोदानी व प्रशांत खटोड़ ने किया।

शिविर के सफल आयोजन में परिषद के सदस्यों व मातृशक्ति का सहयोग रहा।

## QUICK BITES

# सार्वजनिक हैंडपंप पर कब्जा, मोटर लगाकर निजी उपयोग–ग्रामीण परेशान, पंचायत बनी मूकदर्शक

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**



ग्राम पंचायत बाकरा के राजस्व गांव उरणा में सार्वजनिक संसाधनों पर कब्जे का गंभीर मामला सामने आया है। यहां एक दबंग परिवार ने सरकारी हैंडपंप पर अवैध कब्जा कर उसमें विद्युत मोटर लगाकर उसे निजी उपयोग में ले लिया है, जिससे मोहल्ले के ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि यह हैंडपंप पूरे मोहल्ले के लिए एकमात्र जल स्रोत था, लेकिन अब उस पर कब्जा होने से आमजन पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है।

इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में लिखित शिकायत भी दी, लेकिन एक माह बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पंचायत की निष्क्रियता को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक हैंडपंप को कब्जे से मुक्त कराकर आमजन के लिए सुचारू रूप से चालू कराया जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# किसान समृद्धि योजनाओं के प्रचार को लेकर गांव गांव पहुंच रहा जागरूकता रथ :विधायक मीना

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**



क्षेत्र के ग्राम बाकरा में राज्य सरकार की ओर से संचालित किसान समृद्धि एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए जन जागरूकता विकास रथ पहुंचा। रथ के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

यह रथ अभियान जिला स्तर से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाना है। इसी क्रम में ग्राम बाकरा सहित आसपास के गांवों में भी यह रथ पहुंचकर लोगों को जागरूक कर रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गोपीचंद मीणा मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरकार का उद्देश्य हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और इसके लिए इस तरह के जागरूकता अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने किसानों से योजनाओं की जानकारी लेकर उनका अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए भी योजनाओं को सरल भाषा में समझाया गया, जिससे ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

इस अवसर पर विकास अधिकारी सीताराम मीना, उप प्रशासक सत्यनारायण शर्मा, जीएसएस अध्यक्ष रामकुवार मीना, पूर्व सरपंच राकेश खटीक, ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र मीना, नरेंद्र मीना, अमित जागेटिया, मस्तराम मीणा, आदेश मीना, कांता मीना, शिव कुमार प्रजापत सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# तालुका विधिक सेवा समिति का जागरूकता अभियान, जनउपयोगी सेवाओं की दी जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**




**मानव तिवारी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में उम्मेद रोड एवं जावदा क्षेत्र में सोमवार को जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशन में एक्शन प्लान के तहत आयोजित हुआ। इस दौरान आमजन को जनउपयोगी सेवाओं बिजली, पानी, टेलीफोन, परिवहन, बैंकिंग, डाकघर, चिकित्सा विभाग, गैस व पेंशन आदि से संबंधित समस्याओं के समाधान की जानकारी दी गई।

साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व और उसके माध्यम से सुलभ न्याय प्राप्त करने के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

अभियान में पीएलवी रामबाबू माथुर, सुनीता नायक, रामलाल जाट, कमलेश बंजारा, सत्यनारायण धाकड़, बच्चन सिंह, मनोज जाटव, महेश बंजारा, कमलेश, अक्षय राजपूत, सुनील लोढ़ा, अनिल धाकड़, दिनेश गोस्वामी, हरिशंकर धाकड़, सरवन धाकड़, मोहित धाकड़ एवं दिनेश शर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।